ऑनलाइन परीक्षा 24 नवंबर को, रिजल्ट जनवरी में आयेगा

आइआइएम में एडमिशन के लिए कैट रजिस्ट्रेशन सात से

विशेष संवाददाता @ रांची

देश के 20 इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आइआइएम) में एडमिशन के लिए कैट 2019 के रजिस्ट्रेशन की तारीख घोषित हो गयी है. रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया सात अगस्त सुबह 10 बजे से शुरू होगी. इसकी अंतिम तारीख 18 सितंबर की शाम पांच बजे तक है. कैट की परीक्षा 24 नवंबर को होगी. इसका प्रवेश पत्र 23 अक्तूबर से 24 नवंबर तक डाउनलोड होगा. रिजल्ट की घोषणा जनवरी 2020 के दूसरे सप्ताह में होगी.

इन 20 आइआइएम में होगा एडमिशन

देश के कुल 20 आइआइएम में कैट के माध्यम से एडमिशन होता है. इनमें अहमदाबाद, अमृतसर, बेंगलुरु, बोधगया, कोलकाता, इंदौर, जम्मू, काशीपुर, कोषिवकोड, लखनऊ, नागपुर, रायपुर, रांची, रोहतक, संबलपुर, शिलांग, सिरमौर, तिरूचिरापल्ली, उदयपुर और विशाखापट्टनम आइआइएम शामिल हैं.

रजिस्ट्रेशन शुल्क जानिए

अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति तथा दिव्यांग श्रेणी के लिए उम्मीदवारों के लिए शुल्क 950 रुपये हैं. अन्य सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए शुल्क 1900 रुपये हैं. उम्मीदवार को रजिस्ट्रेशन शुल्क का भुगतान सिर्फ एक बार करना होगा. शुल्क का भुगतान होने के बाद वह किसी भी हाल में वापस नहीं होगा. गैर आइआइएम संस्थान भी कैट के स्कोर का उपयोग कर सकते हैं, लेकिन गैर आइआइएम संस्थानों की चयन प्रक्रिया में आइआइएम की कोई भूमिका नहीं रहेगी. कैट के लिए देश भर में लगभग 156 शहरों में परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं. उम्मीदवार को अपनी प्राथमिकता के अनुसार किन्हीं चार शहरों का चयन करने की विकल्प दिया जायेगा. परीक्षा कंप्यूटर आधारित होगी.

Prabhat Khabar, 30.07.2019, Pg. 19